श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 96, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 11 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# बिहार चुनाव में नीतीश की नैया पार

## 125 सीटों के साथ फिर एनडीए सरकार

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को पिछले करीब 15 घंटे से चल रही वोटों की गिनती के बाद एनडीए बढ़त बनाये हुए है। चुनाव आयोग के अनुसार, 243 सीटों में से 243 सीटों पर नतीजों का ऐलान हो चुका है। बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 243 सीटों के प्राप्त परिणामों में प्रदेश में सत्ताधारी एनडीए ने 125 सीट अब तक जीत ली हैं, जबकि विपक्षी महागठबंधन ने 110 सीट जीती हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बिहार में सत्ताधारी राजग में शामिल भाजपा ने 74 सीटों पर, जदयू ने 43 सीटों पर, विकासशील इंसान पार्टी ने 4 सीटों पर और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, विपक्षी महागठबंधन में शामिल राजद ने 75 सीटों पर, कांग्रेस ने 19 सीटों पर, भाकपा माले ने 12 सीटों पर, भाकपा एवं माकपा ने दो-दो सीटों पर जीत दर्ज की है। तो चलिए जानते हैं बिहार चुनाव से जुड़े सारे अपडेट्स...

बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 243 सीटों के प्राप्त परिणामों में प्रदेश में सत्ताधारी राजग ने 125 सीट अब तक जीत ली हैं, जबकि विपक्षी महागठबंधन ने 110 सीट जीती हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बिहार में सत्ताधारी राजग में शामिल भाजपा ने 74 सीटों पर, जदयू ने 43 सीटों पर, विकासशील इंसान पार्टी ने 4 सीटों पर और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, विपक्षी महागठबंधन में शामिल राजद ने 75 सीटों पर, कांग्रेस ने 19 सीटों पर, भाकपा माले ने 12 सीटों पर, भाकपा एवं माकपा ने दो-दो सीटों पर जीत दर्ज की है।

बिहार चुनाव परिणाम में अभी तक 236 विधानसभा सीटों पर रिजल्ट घोषित किए जा चूके हैं। 236 सीटों में से 119 सीटों पर एनडीए(इखढ 70, खउ्र 41, श्क्ढ 4, ल्अट 4) को जीत मिली है। इसके अलावा महागठबंधन के खाते में 109 सीटें (फखऊ 74, उङ्ग्ल्लॅश्१२ 19, छीइ 16) आई हैं। वहीं, अक्टक्ट को पांच सीटों पर जीत मिली है। बीएसपी को एक, लोजपा को एख और अन्य निर्दलीय उम्मीदवार को जीत हासिल हुई है। वहीं, बची हुई सात सीटों पर गिनती लगभग पूरी होने वाली है।

बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों में बहुमत का आंकड़ा पार करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार ने दुनिया को फिर बताया है कि लोकतंत्र को मजबूत कैसे किया जाता है। पीएम ने कहा कि बिहार के हर वर्ग ने एनडीए के मूल मंत्र पर भरोसा जताया है।

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा, "बिहार के हर वर्ग ने फिर एक बार खोखलेवादे, जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को सिरे से नकार कर एनडीए के विकासवाद का परचम लहराया है। यह हर बिहारवासी की आशाओं और आकांक्षाओं की जीत है। नरेंद्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी के डबल इंजन विकास की जीत है। बीजेपी बिहार के कार्यकताओं को बधाई।"

बिहार चुनाव के नतीजों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बीजेपी नेता भूपेंद्र यादव ने कहा कि एनडीए ने एक बार फिर से बिहार चुनाव में बहुमत हासिल किया है। देश के सबसे बड़े चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए हम पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का धन्यवाद करना चाहते हैं। वहीं, सुशील मोदी ने कहा कि जनता ने एनडीए को स्पष्ट बहुमत दिया है।

- बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद के अनिरुद्ध कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के रणविजय सिंह को 20672 मतों से पराजित किया।
- बरारी विधानसभा क्षेत्र से जदयू के बिजय सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के नीरज कुमार को 10438 मतों से पराजित किया।
- बरुराज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के अरुण कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के नंद कुमार राय को 43654 मतों से पराजित किया।
- बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू के बिनय कुमार चौधरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के मिथिलेश कुमार चौधरी को 6590 मतों से पराजित किया।
- बक्सर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के परशुराम चौबे को 3892 मतों से पराजित किया।
- ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद के शंभू नाथ यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी लोजपा के बाहुबली उम्मीदवार हुलास पांडेय को 51141 मतों से पराजित किया।
- बिक्रम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सिद्धार्थ सौरभ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी अनिल कुमार को 35460 मतों से पराजित किया।

चुनाव आयोग के उमेश सिन्हा ने आरजेडी के आरोपों पर कहा कि ईसी कभी भी किसी के दबाव में काम नहीं करता है। सभी अधिकारी ईमानदारी से बिहार चुनाव की घोषणा में लगे हुए हैं।



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को पिछले करीब 12 घंटे से चल वोटों की गिनती के बाद सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के हिस्से में अभी तक 29 सीटें आयी हैं जबकि विपक्षी महागठबंधन को 28 सीटें मिली हैं। रुझान देखें तो राजग को सामान्य बहुमत प्राप्त होता दिख रहा है। चुनाव आयोग से प्राप्त ताजा रुझान के अनुसार, राजग विपक्षी महागठबंधन पर बढ़त बनाए हुए है। राजग 95 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। वहीं पांच दलों का विपक्षी महागठबंधन 84 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। सुबह आठ बजे से शुरू हुई वोटों की गिनती की रफ्तार कुछ धीमी है।

# जोधपुर में निर्माणाधीन फैक्ट्री की दीवार ढही
# मलबे में दबने से 8 मजदूरों की मौत, 6 घायल

**रंजन दवे, जोधपुर।** जोधपुर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र के द्वितीय फेस में एक निर्माणाधीन फैक्ट्री की दीवार गिर गयी, जिसके मलबे में वहां काम करने वाले मजदूर दब गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 8 लोगों की इस मलबे में दबने से मौत हो गई वहीं 6 से अधिक लोग मलबे में दबने से बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को जोधपुर के एम्स और मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां तीन लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस का जाब्ता और प्रशासनिक अमला मोके पर पहुंचा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरे मामले की पड़ताल करने के आदेश दिए है। साथ ही मृतकों के आश्रितों को दो दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता की भी घोषणा की है।

जोधपुर जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह से मिली जानकारी के अनुसार जोधपुर के



बासनी थाना क्षेत्र स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय फेस इलाके में बासनी थाना से सटी एक निमार्णाधीन फैक्ट्री की दीवार ढह गई। इस फैक्ट्री में टीन शेड लगाने का काम चल रहा था ,तभी इस इमारत की दीवार भरभरा कर गिर गई ।जिससे कि इसके नीचे काम करने वाले श्रमिक दब गए। मौके पर रेस्क्यू का कार्य जारी है।

हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों द्वारा भी सहयोग किया गया तथा मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने का कार्य शुरू किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि मौके से 14 से अधिक लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है, जिसमें की आठ लोगों की मौत हो गयी है, जिनकी शिनाख्ती के बारे में प्रयास किये जा रहे हैं। सभी मृतकों के शवों को ऐम्स मोर्चरी भिजवाया गया है ।इसके अलावा 6 अन्य मजदूरों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है । मोके पर पुलिस का भारी जाप्ता भी लगाया गया है, साथ ही बचाव और राहत कार्य भी जारी है। मलबे में और मजदूर दबे होने की भी संभावना से इनकार नहीं किया गया है ।पुलिस, प्रशासन जोधपुर नगर निगम, जोधपुर विकास प्राधिकरण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सिविल डिफेंस से जुड़ा स्टाफ एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ-साथ आसपास के लोग भी रेस्क्यू में जुटे हैं।

जोधपुर के रीको इंडस्ट्रियल एरिया में निमार्णाधीन की फैक्ट्री में हुए हादसे की जांच के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जांच के आदेश दिए हैं ।जिसमें की संभागीय आयुक्त समित शर्मा के अध्यक्षता में पूरे मामले की जांच की जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के आश्रित को 200000 रुपए की प्रारंभिक सहायता करने की घोषणा की है। वहीं घायलों के लिए मुख्यमंत्री में 40000 रुपए प्रति व्यक्ति सहायता करने के लिए कहा है। फैक्ट्री मालिक और फैक्ट्री पर काम करने वाले ठेकेदार को लेकर भी प्रशासन और पुलिस पड़ताल में जुट गई है।



### नवंबर में प्रदूषण का टूटा चार साल का रिकार्ड, एयर इंडेक्स पहुंचा 400 के पार

**संजीव गुप्ता, नई दिल्ली।** विभागीय लापरवाही कहें या कारगर प्रयासों की कमी..लेकिन चार वर्षो में ऐसा पहली बार हुआ है जब नवंबर में प्रदूषण ने इतना हाहाकार मचा दिया है। न तो इस माह की शुरूआत में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंचता और न दीपावली से एक सप्ताह पहले ही दिल्ली की हवा दमघोंटू होती। यह भी अपने आप में एक रिकार्ड है कि लगातार छह दिन से दिल्ली का एयर इंडेक्स गंभीर श्रेणी में चल रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार नवंबर के शुरूआती दिनों में दिल्ली की हवा अमूमन बहुत खराब श्रेणी में ही रहती है। गंभीर श्रेणी में जाती भी है तो एक दो दिन या अधिकतम तीन चार दिन, लेकिन इस साल एयर इंडेक्स माह के चौथे दिन से ही बढ़ने लगी।

नवंबर के पहले 10 दिन की बात करें तो 2017 में पहले छह दिन बहुत खराब श्रेणी वाले रहे, जबकि बाद के चार दिन गंभीर श्रेणी का एयर इंडेक्स रहा। 2018 में पहले 10 दिनों के दौरान सात दिन बहुत खराब श्रेणी, एक दिन खराब श्रेणी का और दो अलग-अलग दिन गंभीर श्रेणी के रहे। वर्ष 2019 में पांच दिन बहुत खराब, दो दिन खराब और तीन दिन गंभीर श्रेणी में थे। जबकि इस साल यह केवल एक दिन खराब, तीन दिन बहुत खराब और छह दिन गंभीर श्रेणी के रिकार्ड किए गए हैं।

## सेनाओं के मेजर जनरल रैंक के अफसरों को मिल रहा कनिष्ठ अफसरों से कम वेतन, सैन्य अदालत ने दिया आदेश

**नई दिल्ली, एएनआइ।** सशस्त्र सेनाओं के ट्रिब्यूनल ने सेनाओं के मेजर जनरल रैंक के अफसरों का वेतन बढ़ाने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। चूंकि इन सैन्य अफसरों को अपने कनिष्ठ अफसरों से कम वेतन मिल रहा है। सरकार को भारतीय वायुसेना के एक एयर वाइस मार्शल का वेतन बढ़ाने को कहा गया है। एयर वाइस मार्शल पी.सुभाष बाबू ने वकील अंकुर छिब्बर के जरिये सशस्त्र सेनाओं के ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने छठा वेतन आयोग लागू होने के बाद हुई गफलत के बाद यह कदम उठाया।




दरअसल, छठे वेतन आयोग के अमल से वरिष्ठ कर्नलों और ब्रिगेडियरों का वेतन मेजर जनरलों के वेतन से भी अधिक हो गया है। चूंकि उन्हें मिलने वाली 'मिलेट्री सर्विस पे' बाद में उन्हें मिलनी बंद हो जाती है। इसके चलते इन कनिष्ठ अफसरों जैसे कर्नलों और ब्रिगेडियरों का वेतन मेजर जनरल के वेतन से सात-आठ हजार रुपये अधिक हो जाता है। लिहाजा, ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष राजेंद्र मेनन ने अपने फैसले में कहा कि जवाबदार सरकार को कहा गया है कि वह याचिकाकर्ता के वेतन पर गौर करते हुए उसे एक जुलाई, 2017 से उसके तत्कालीन कनिष्ठों और उसके बाद के कनिष्ठों से अधिक करे। उन्हें इस अवधि तक के सभी एरियर भी प्रदान किए जाएं। साथ ही सरकार को यह भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वह याचिकाकर्ता को एक जुलाई, 2020 से पेंशन और अन्य संबंधित लाभ भी प्रदान करे। साथ ही फैसले की प्रति मिलने की तीन माह की अवधि में छह फीसद के ब्याज के साथ एरियर का भी भुगतान कर दिया जाए।

छिब्बर ने कहा कि सशस्त्र सेनाओं के ट्रिब्यूनल के इस फैसले से सशस्त्र सेनाओं के दो सितारे वाले अधिकारियों की लंबे से लंबित समस्या का निवारण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता का वेतन भी उनके कनिष्ठ अफसरों से अधिक किया जाए और उसी के अनुरूप उनकी पेंशन को भी रिवाइज किया जाए।

## भारतीय सेनाएं बेहद जटिल माहौल में काम कर रहीं : सीडीएस जनरल रावत

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने कहा कि अगर भारत की सैन्य ताकत मजबूत नहीं रही तो देश की विरोधी ताकतें इस बात का फायदा उठाएंगी। भारतीय सशस्त्र सेनाएं बहुत ही जटिल और अनिश्चित माहौल में काम कर रही हैं। उन्हें क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अपनी क्षमता बढ़ाना जारी रखना होगा। सीडीएस रावत ने मंगलवार को कहा कि भारत अपनी सैन्य क्षमताओं को पड़ोसी मित्र देशों के साथ साझा करना चाहता है। अगर दूरस्थ पड़ोसी भी भारत का समर्थन चाहेंगे तो वह उनका भी साथ देगा। रक्षा और सैन्य मुद्दों के पोर्टल भारतशक्ति.इन के पांचवें सालाना सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में जनरल रावत ने कहा कि आज हम बेहद जटिल, अनिश्चित और परिवर्तनशील माहौल में काम कर रहे हैं। विश्व के लगभग सभी क्षेत्रों में छोटी या बड़ी लड़ाइयां चल रही हैं। इसलिए अगर हमें अपनी रक्षा करनी है, अपने देश की रक्षा करनी है, अपने देश की अखंडता की रक्षा करनी है और अपनी जनता की सुरक्षा करनी है तो हम सभी को सशक्त




सेना की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिर हम कहते हैं कि सशस्त्र सेनाओं को युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए? सशस्त्र सेनाओं को ऐसी क्षमताएं विकसित करनी चाहिए कि क्षेत्र में शांति की स्थापना हो। अगर हमारे पास सशक्त सैन्य बल नहीं होंगे तो विरोधी इस बात का फायदा उठा लेंगे। जनरल रावत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब छह महीने से भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव जारी है। इसी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़ते हुए बताया गया है कि आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए रक्षा क्षेत्र में आधुनिक उपकरणों के निर्माण और नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए अभियान छेड़ा गया है।

## अर्नब गोस्वामी की अंतरिम जमानत याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, एएनआइ।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करेगा। अर्नब के वकील निर्निमेश दुबे ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें गोस्वामी को 2018 में आत्महत्या के मामले में अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

गोस्वामी की ओर से महाराष्ट्र सरकार के अलावा अलीबाग पुलिस स्टेशन के एसएचओ, मुंबई पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह और अक्षिता अन्वय नाइक को अपनी अपील के लिए पक्षकार बनाया गया है। वहीं सरकार की ओर से अधिवक्ता सचिन पाटिल ने शीर्ष अदालत में अपील दायर की है कि मामले में सुनवाई किए बिना गोस्वामी की याचिका पर कोई आदेश पारित नहीं किया जाए।

सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने रिपब्लिक टीवी के अर्नब गोस्वामी को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। जस्टिस एस के शिंदे और एम एस कार्णिक की खंडपीठ ने कहा था कि हाईकोर्ट की ओर असाधारण



शक्तियों के इस्तेमाल के लिए अन्य विकल्प मौजूद हैं। पीठ ने एक बार फिर दोहराया कि याचिकाकर्ता सेशन कोर्ट (निचली अदालत) में अपनी याचिका दायर कर सकते हैं, जहां चार दिन में आवेदन पर फैसला लिया जा सकता है। गोस्वामी और दो अन्य पर 2018 में एक इंटीरियर डिजाइनर और उसकी मां को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। गोस्वामी और दो अन्य आरोपियों ने अपनी अंतरिम जमानत पर रिहा होने के लिए कोर्ट से अपील की थी। इस दौरान हुई सुनवाई पर कोर्ट ने कहा था कि इस मामले के लंबित रहने तक याचिकाकताओं पर नियमित जमानत के लिए संबंधित निचली अदालत पर जाने पर कोई रोक नहीं है, जहां उन्हें कुछ दिनों में जमानत मिल जाएगी।

गोस्वामी के अलावा अन्य आरोपी फिरोज शेख और नितीश सरदा ने अवैध गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए अंतरिम जमानत की मांग की थी। चार नवंबर को अर्नब गोस्वामी और दो अन्य को आत्महत्या के मामले में अलीबाग से गिरफ्तार किया गया था।

## संक्षेप समाचार

### कायस्थ समाज का चित्रगुप्त पूजन 16 को

**नैनी ।** कायस्थ समाज का महापर्व चित्रगुप्त पूजन 16 नवम्बर को मनाया जायेगा इस अवसर पर विभिन्न कायस्थ संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। डॉ० प्रदीप कुमार चित्रांशी ने बताया कि साहित्यांजलि प्रज्योदि और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संयुक्त तत्त्वावधान में 16 नवम्बर को सायं 4.30 बजे सारस्वत सभागार लूकरगंज में चित्रगुप्त विषयक बौद्धिक परिसंवाद, पूजन एवं काव्य-पाठ का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता भाषाविद् और समीक्षक आचार्य पं० पृथ्वीनाथ करेंगे और वरिष्ठ समाज-सेविका सुनीता दरबारी मुख्य अतिथि होंगी ।संजीव सक्सेना के अनुसार नैनी पीडीए में अशोक श्रीवास्तव के आवास पर सामूहिक कलम दवात पूजन व चित्रगुप्ता पूजा का कार्यक्रम सुबह 9 बजे रखा गया है जिसकी अध्यक्षता सी.बी.एल. श्रीवास्तव करेंगे ।कौशल सक्सेना ने बताया कि सक्सेना सभा द्वारा कोरोना महामारी को देखते हुए कोषाध्यक्षा रजनी सक्सेना के निवास पर साधारण समारोह में चित्रगुप्त पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव का मकान हुआ ध्वस्त

## चप्पे-चप्पे पर प्रशासन रही मुस्तैद

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है मंगलवार को झूसी इलाके में रहने वाला हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव के मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने जेसीबी बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया। आपको बताते चलें कि अपराधियों की अवैध तरीके से कराए गए भवन निर्माण को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से महीनों से कार्रवाई जारी है।

इसकी शुरूआत पूर्व बाहुबली सांसदअतीक अहमद से शुरू हुई कार्रवाई दिलीप मिश्र, बच्चा पासी, राजेश यादव, पप्पू गंजिया, विधायक विजय मिश्र, प्रदीप महरा के बाद झूंसी के छतनाग इलाके में मंगलवार सुबह भारी पुलिस बल और पीडीए की टीम बुल्डोजर के साथ पहुंची तो





हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव का मकान ढहाता जेसीबी

खलबली मच गई। इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा 'पुलिस ने अशोक के यादव के मकान को अवैध निर्माण बताते हुए बुल्डोजर से गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव का छतनाग इलाके में दो मकानों को ध्वस्त करने की करवाई शाम तक चलती रही। हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव के तीन मंजिला मकान को विकास प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया। वही दूसरे मकान पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था 'विकास प्राधिकरण के अधिकारी सत्य शुक्ला ने बताया कि अशोक यादव दोनों मकान अवैध तरीके से निर्माण करवाया था जिसको विकास प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया है।

## पत्नी से गलत काम के आरोप में पति गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति के खिलाफ अप्राकृतिक दुराचार करने की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मंगलवार को इस मुकदमे में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। शाहगंज की पीड़िता ने कोतवाली थाने में सोमवार की रात मुकदमा दर्ज कराया था कि उसका पति तीन माह से अप्राकृतिक दुराचार कर रहा है। इस आरोप के बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई की। पुलिस का कहना था कि पीड़िता के बयान के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। इसको लेकर थाने में पंचायत भी हो चुकी थी। एक बार सामान लौटाने पर समझौता हुआ लेकिन बाद में महिला के पति ने कहा कि तलाक होने के बाद सामान लौटाएगा। इसके बाद महिला ने अपने पति के खिलाफ ही संगीन आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दे दी। इस पर पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।

## शुआट्स वैज्ञानिकों ने कृषकों को बताई गेहूँ की उपयुक्त किस्में

**प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से सोमवार को प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को गेहूँ की उपयुक्त किस्में बताईं जिन्में पी.बी.डब्ल्लू.343, सी.वी.डब्ल्लू-38,डी.बी.डब्ल्लू-39, यू.पी.2382, एच.यू.डब्ल्लू. 510 शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि गेहूँ के प्रमाणित और शोधित बीज बोने की सलाह दी। वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूँ की यदि बीज शोधित न हो तो प्रति किलोग्राम बीज को 2.5 ग्राम थीरम से शोधित कर लें। जौ की बोआई के समय प्रति हेक्टयर 30 किग्रा नाइट्रोजन, 30 किग्रा फास्फेट तथा आवश्यकता होने पर 20 किग्रा पोटाश प्रयोग करें। लाही की बोआई के 15-20 दिन पर अथवा हर हालत में सिंचाई के पहले पौधौं की छँटाई कर लें। पौधे घने होने और खरपतवार बढने से लाही की उपज में 20-30 प्रतिशत की कमी हो सकती है। घने पौधों को निकालकर पौध से पौध की दूरी 10-15 सेंमी कर लें। अक्टूबर में बोये आलू की सिचाई करें। बोआई के 25-30 दिन बाद 87-108 किग्रा यूरिया की टाप ड्रेसिंग कर-के मिट्टी चढा देनी चाहिए।

## किसान कल्याण संघ द्धारा उत्कृष्ट किसानों को किया सम्मानित

**करछना।** भारतीय किसान कल्याण संघ का आयोजन जीएस सिंह एकेडमी धरवारा में मंगलवार को आयोजित किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम मे क्षेत्र के उत्कृष्ट दो दर्जन से किसानों को सघ द्धारा अंगवस्त्रम व प्रस्सति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत श्री शंकर्षण शरण गुरु जी ने किसानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान देश की एक रीढ है जो अपने मेहनत से अपना ही नही दूसरो पेट भरने का काम किसानो पर ही निर्भर रहता है और देश को चलाने मे किसानो की एक अहम भूमिका रहती है। सभा की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त मेजर ठाकुर प्रसाद सिंह ने किया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लालमणि सिंह, लक्ष्मी प्रसाद सिह सतलाल निषाद, मलि पाल, राम कैलाश यादव रविन्द्र प्रताप सिह, शिशिन सिंह सहित दो दर्जन से अधिक किसानों को किसान श्री व किसान भूषण सम्मान दिया गया। आयोजक विनय कुमार सिह बिन्नू ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रक्ट किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व न्यायाधीश कैप्टन डीपीएन सिंह के अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय, एसवी सिह कार्तिकेय मिश्रा, संतोष त्रिपाठी रमेश मालवीय अरूण चौरसिया धर्मेन्द्र मिश्र, जर्नादन सिह सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

### मिनिभार वाहन से चोरी की दो मवेशी ले जा रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**घूरपुर।** घूरपुर पुलिस ने हथीगन गांव में मिनिभार वाहन में चोरी की दो मवेशियों को लादकर जा रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर जेल भेज दिया। सोमवार की रात घूरपुर पुलिस सघन जांच पड़ताल कर रही थी कि हथीगन के नाले के पास एक मिनिभार वाहन में चोरी की दो मवेशी को लादकर गंतव्य को जा रहे अभियुक्त को दबोच लिया । पकड़े गए अभियुक्त करछना थाना क्षेत्र के करेहा गांव निवासी हामिद पुत्र छोटे है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ केस दर्ज कर मंगलवार के दिन जेल भेज दिया।

## मामूली बात पर पड़ोसियों ने मार पीट कर किया घायल

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर पडोसियों ने एक पक्ष को लाठी डंडों सरिया से मार पीट कर जख्मी कर दिए जिसमें पांच को गंभीर चोटें आयी है। भुक्त भोगी ने थाने में तहरीर दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा पटटी निवासनीय लालती देवी पत्नी लालबहादुर विश्वकर्मा का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उनके विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडों से उसके परिवार के राज कुमार, मनीष कुमार, छेदीलाल, शिवकुमार, सावित्री देवी को मार पीट कर घायल कर दिए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया है । लालती देवी ने पड़ोस के राम देव, राम आसरे, दयाराम, उदय, सन्तोष, रंजीत, रीता देवी, संजना, सीतारा देवी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया जिस के आधार पर पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था।

# पत्रकार अर्णव गोस्वामी को छुड़ाने हेतु ग्रापए ने दिया ज्ञापन

## ज्ञापन के दौरान दर्जन भर से अधिक पत्रकार रहे मौजूद

**खीरी।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी व दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी महामंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन दिया जिसमें मुख्य रुप से महाराष्ट्र सरकार द्वारा चौथे स्तंभ मीडिया रिपब्लिक भारत के संपादक एवं पत्रकार अरनव गोस्वामी के ऊपर सही तथ्य एवं सरकार के गलत कामों को उजागर करने के कारण दुर्भावना से ग्रसित होकर उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई एवं प्राणघातक हमला किए गए व गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किए गए उसकी घोर निंदा करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश की उधव सरकार के खिलाफ पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश उत्पन्न है पत्रकारों द्वारा राष्ट्रपति से मांग की गई है कि उनकी जल्द रिहाई कि, जाए और फर्जी मुकदमे को समाप्त कराया जाए, अन्यथा पूरे देश के पत्रकार धरना



ज्ञापन सौंपने जाते ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन

प्रदर्शन आंदोलन करने को बाध्य होंगे इस ज्ञापन देने वालों में सर्व श्री अयोध्या प्रसाद केसरवानी जिला अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी महामंत्री, बलराम दीक्षित, हसीन मुस्ताक महामंत्री, राकेश शुक्ला, रवि पांडे, गंगा नाथ त्रिपाठी, गिरवर पाठक, शशि श्रीवास्तव, लालचंद पटेल, लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी, विकास गुप्ता, पुष्पा देवी, बालमुकुंद शुक्ला, नागेंद्र मिश्रा, राजेंद्र कुमार तिवारी, आनंद ओझा, शुभ मुहूर्त केशरवानी, रमेश चंद पटेल, बंसीलाल सिंह, अनिल पांडे, अमरनाथ यादव, नागेंद्र भूषण, दया नाथ पांडे, रामबाबू, आलोक गुप्ता, भोला नाथ यादव, विकास कुमार गुप्ता, नीरज कुमार श्रीवास्तव, आलोक गुप्ता, ज्ञान प्रकाश शर्मा, श्याम बाबू निषाद, खेमराज सिंह, अनुज कुमार खीरी से, दिलीप केशरवानी, विनोद कुमार केसरवानी, राजेंद्र सिंह, अशोक, राजेश शुक्ला के रहमान दीपक, समेत सैकड़ों पत्रकार उपस्थित थे।

## मोबाइल छीनकर भागे बदमाश, रिपोर्ट दर्ज



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मलहरा रेलवे ओवरब्रिज के समीप बीती रात बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के विकास खंड चाका मुख्यालय के समीप शक्ति नगर के रहने वाले दीपक कुमार पुत्र बद्रीनाथ सोमवार रात लगभग 8:45 बजे वह नैनी बाजार किसी कार्य हेतु आए हुए थे। वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे, जैसे ही वह मलहारा ओवरब्रिज के समीप पहुंचे, तभी एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारते हुए उसके हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। बता दें कि तीन दिन पूर्व चकराना तिवारी के रहने वाले एस तिवारी पुत्र शिव भूषण तिवारी विकास खंड चाका मुख्यालय के समीप अपने मेडिकल स्टोर की ओर पैदल जा रहे थे। सीओडी गेट के समीप जैसे ही पहुंचा, बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके शर्ट की जेब मोबाइल छीन कर फरार हो गए थे।

### भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं में हर्ष

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी की इस बड़ी जीत से बिहार समेत यूपी, मध्य प्रदेश, गुजरात सहित प्रदेशों में उपचुनाव मे भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है भारतीय जनता पार्टी सहसों कार्यालय में मंडल सहसों की मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यक्षता में बैठक कर पार्टी की जीत से खुशियां मनाई गई एवं लड्डू बांटे गए, कार्यकताओं ने एक दुसरे को लड्डू खिला कर बधाई दी वहां मौजूद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह जीत आम जनता की जीत है, भाजपा के कर्मठ इमानदार कार्यकताओं की जीत है, सरकार के विकास कार्यों के जीत है व कुशल शासन की सुशासन की जीत है उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को एवं देश के गृहमंत्री अमित शाह जी को बहुत-बहुत बधाई भी दी। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद बृजेश त्रिपाठी, जयप्रकाश दुबे, लाल चंद गुप्ता, आलोक कुमार सिंह, फूलचंद साहू, प्रमोद कुमार शुक्ला, राजधर दिवेदी, संजय सिंह, विमल कुमार सिंह, कृष्ण बल्लभ दुबे, आर बी पाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मेजारोड पहुंची अपना दल कमेरा जन चेतना पदयात्रा

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र मे अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल के नेतृत्व में कमेरा जन चेतना पदयात्रा का शुभारंभ झांसी से शुरू होते हुए कई जिलों तक पैदल यात्रा करते हुए लखनऊ पहुंचेगी। यह पदयात्रा वर्तमान में किसान, गरीब मजदूर, कमेरा समाज के हालात बद से बदतर होने, चारों तरफ लूट और मेहनतकश कमेरा समाज के लोगों का शोषण, सामाजिक रूप से भेदभाव का शिकार एवं किसान गरीब मजदूर की पढ़ाई, दवाई, रोटी, रोजगार को खत्म करने व 80 रुपये में डीजल, 8 रुपये प्रति यूनिट बिजली से सिंचाई करने के विरोध में यह पदयात्रा 17 अक्टूबर 2020 को डॉक्टर सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर झांसी से शुरू होकर लखनऊ तक कमेरा चेतना पदयात्रा किया जा रहा है। यह पदयात्रा झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, मिजार्पुर, सोनभद्र,





पदयात्रा निकालती अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल व शामिल कार्यकर्ता

चंदौली, बनारस, जौनपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, फैजाबाद, अमेठी, रायबरेली होते हुए लखनऊ में समाप्त होगी। मंगलवार 10 नवंबर को पदयात्रा मेजा क्षेत्र में टिकुरी से चलकर मेजा व मांडा क्षेत्र में कमेरा समाज के लोगों व किसानों को जागरूक करते हुए निकाली। इस पदयात्रा में शामिल अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल, पंकज सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचिव, मानिक चंद पटेल जिला अध्यक्ष प्रयागराज, अजय पटेल पूर्व प्रदेश प्रभारी अपना दल, महंतजी विधान सभा पश्चिमी प्रयागराज, शेर बहादुर पटेल विधानसभा कोरांव, सितारे हिंद पटेल जिला अध्यक्ष संस्कृत मंच अपना दल, मनोज कुमार पटेल विधानसभा अध्यक्ष मेजा, मुंशी लाल पटेल ब्लाक महासचिव करछना, बाबूजी जिलाध्यक्ष युवा मंच, नंदलाल पटेल जिला महासचिव, रामबाबू पटेल, राजकुमार पटेल, सुशील कुमार पटेल, अनिल पटेल विधानसभा युवा मंच, बालगोविंद कोरी जिला कार्यकारिणी सदस्य, सुरेश पटेल ब्लाक अध्यक्ष उरूवा, सन्तोष पटेल ब्लाक अध्यक्ष माण्डा सहित अन्य भारी संख्या में कमेरा समाज के लोगों के साथ पदयात्रा निकाली गई।

# इंस्पेक्टर के बेटे को घर में घुसकर मारी गोली, गंभीर

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के चक रघुनाथ मोहल्ले में मंगलवार को सरे शाम हमलावरों ने एक इंस्पेक्टर के बेटे को घर में घुसकर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे एसआरएन में दाखिल कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक सभाजीत सिंह आजमगढ़ जिले में इंस्पेक्टर पद पर तैनात हैं और इन दिनों वह कोरोना सेल प्रभारी हैं। नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक रघुनाथ मोहल्ले में उनकी पत्नी सुभद्रा देवी व इकलौते पुत्र अमरेंद्र सिंह (16) और पुत्री शैलजा यहीं पर रहती हैं। अमरेंद्र सिंह जीआईसी इंटर कॉलेज में कक्षा



घटना के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस

11 में पढ़ाई करते हैं। मंगलवार लगभग 6:45 बजे घर पर सभाजीत की पत्नी सुभद्रा देवी छत पर गमलों में पानी देने के लिए गई हुई थी और बेटी घरेलू कार्य में व्यस्त थी। जबकि उनका इकलौता पुत्र अमरेंद्र सिंह मकान के आखरी कमरे में मौजूद थे। बताया जाता है कि तभी मौका पाकर दो हमलावर मेनगेट के समीप से बाउंड्रीवॉल फांद कर अंदर दाखिल हो गए और जिस कमरे में अमरेंद्र सिंह मौजूद थे, वहीं पर वह पहुंच गए। अचानक ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज सुनकर जब परिजन उत्त कमरे में पहुंचे तो वह घायल अवस्था में लहूलुहान होकर फर्श पर पढ़ा हुआ था। परिजनों के मुताबिक चार से पांच राउंड फायर की गई थी और अमरेंद्र के पेट में एक गोली लगी हुई है, जो पिस्टल से मारी गई है। गोली मारने से पूर्व हमलावरों व घायल अमरेन्द्र के बीच जमकर संघर्ष भी हुआ था।

# डरें नही निर्भीक होकर करें शिकायत

**कोरांव।** लूट हत्या छिनैती अवैध काम आदि चीजो को रोकने के लिए प्रयागराज पुलिस द्वारा हेल्प लाइन नम्बर जारी किया गया हैं। सही जानकारी देने वालों का नाम गोपनीय रखा जायेगा। इसी को जागरूक करने के कोरांव पुलिस सार्वजनिक स्थानो में जागरूकता पर्ची चस्पा कर लोगो को जागरूक की। मंगलवार को कोरांव थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह, उपनिरीक्षक बृजेश यादव व उपनिरीक्षक सच्चिदानंद यादव ने सरकारी बस स्टैंड कोरांव, चौराहो सहित कई स्थानो पर क्लिक एंड पोस्ट ई मुखबिर सेवा खबर दो इनाम पाओ लिखित बैनर को सार्वजनिक स्थानो पर चस्पा कर एवं लोगो को इसके बारे में बारीकी से जानकारी दी।



सार्वजनिक स्थानो में जागरुकता पर्ची चस्पा करती पुलिस

जागरूकता के दौरान उपनिरीक्षक बृजेश यादव ने कही भी अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध खनन, सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करना, धार्मिक चीजो पर अभद्र टिप्पणी करना या अन्य कोई प्रकार की जानकारी 9918101617 पर दे। नाम गुप्त रखा जायेगा और जानकारी देने वालो को उचित इनाम दिया जायेगा।

## संक्षेप समाचार

### मंगलवार को दिनभर सर्वर नेटविर्किग से हलाकान रहे लोग

**करछना।** मंगलवार को सुबह से ही करछना क्षेत्र के सभी जगहो पर नेटवर्किंग समस्या के चलते सर्वर की समस्या से लोगो को जूझना पडा जरूरी कार्य के लिए परेशान लोग देरशाम तक नेटवर्क बहाली का इतजार करते रहे। करछना स्थित आधा दर्जन बैकिग संस्थाओ के अलावा सरकारी काम काज तहसील डाकघर ब्लाक एवं गैर सरकारी संस्थानो मे सुबह से देरशाम तक सर्वर की समस्या के चलते बहुतो का जरूरी काम काज बुरी तरह प्रभावित रहा।अधिक्तर सस्थाओ मे आनलाइन सिस्टम से कार्य पद्धति पर पूरी तरह पूर्ण विराम रहा सबसे ज्यादा बैंकिंग सेवाओ पर बुरा असर पडा जहा बडी सख्या मे लोग लेनदेन न होने के चलते मायूस दिखे वही तहसील मे इसका असर देखा गया।

# सरसों के तेल की छापेमारी में 28 लाख रुपए का तेल सील

## लालगोपालगंज कस्बा में कान्हा ट्रेडर्स के गोदाम में सरसों के तेल की अवैध रूप से की जा रही थी लेबलिंग पैकिंग

**शिकायत पर सहायक कमिश्नर खाद्य के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर गोदाम किया सील**

**खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापेमारी से कस्बा में घंटों मचा रहा हड़कंप**



लालगोपालगंज में छापेमारी के दौरान अधिकारियों के साथ मौजूद लोग



लालगोपालगंज में सरसों के तेल के गोदाम को सील करते अधिकारी

**लालगोपालगंज।** लोगों की सेहत और जिंदगियों से खिलवाड़ करने वाले खाद्य सामग्री के व्यापारी के गोदाम में मिलावटी तेल की शिकायत पर अधिकारियों ने छापेमारी की। इस दौरान अवैध रूप से सरसों के तेल की लेबलिंग एवं पैकिंग किए जाने का भी मामला प्रकाश में आया। गोदाम में गंदगी देख अधिकारियों ने व्यापारी पर भड़क गए। जांच सैंपल लेकर गोदाम को सील कर दिया गया। अधिकारियों की जांच पड़ताल देख कस्बा में हड़कंप मचा रहा।

लालगोपालगंज कस्बा के मुख्य चौराहे के समीप खाद्य सामग्रियों के एक थोक व्यापारी के सरसों के तेल के गोदाम में छापेमारी की गई। सरसों के तेल में मिलावट किए जाने की उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसकी बुनियाद पर मंडल से सहायक आयुक्त खाद्य जे पी मौर्या एवं जिला से अभिहित अधिकारी ममता कुमारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की गठित टीम ने कस्बा पहुंचकर गोदाम में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गोदाम में गंदगी और तेल के गिरने से चिकनाहट पर नाराजगी जाहिर की। खाली पड़े पुराने सरसों के तेल के टीन में पैकिंग कर अवैध रूप से लेबलिंग किए जाने का भी मामला सामने आया। अधिकारियों ने प्रकरण को देख गंभीरता से 4 ड्रम से अलग-अलग तेल के नमूने लिया। अधिकारियों ने बताया कि लैब भेजकर नमूने की जांच कराई जाएगी। गोदाम को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 25 हजार लीटर तेल सील कर दिया गया है। जिसकी लगभग 28 लाखों रुपए मूल्य बताई जा रही है। छापेमारी से अन्य व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। जांच के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य जे पी मौर्या, अभिहित अधिकारी ममता कुमारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जयदीप मौर्य एरिया अधिकारी, अभय प्रताप सिंह, देवेश कुमार, शालिनी सिंह, अंजू यादव और नफीस अहमद सिद्दीकी शामिल रहे।

# सात माह बाद खुला संग्रहालय



**प्रयागराज।** कोरोना वायरस के संक्रमण के बढ़ते दौर में पूरी दुनिया ठहर सी गई थी। इलाहाबाद संग्रहालय भी जहां हर दिन सैकड़ों की संख्या में पर्यटक आते थे लेकिन कोरोना काल में यह भी बंद रहा। सात माह मंगलवार को सुबह इलाहाबाद संग्रहालय खुला तो यहां का नजारा बदला-बदला सा रहा। दर्शकों की चहल-पहल से गुंजायमान रहने वाला संग्रहालय में सन्नाटा रहा।

इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक डॉ. सुनील गुप्त ने बताया कि सुबह से अब तक लगभग करीब एक दर्जन की संख्या में ही दर्शक संग्रहालय में आए हैं। दर्शकों और पर्यटकों को कोविड-19 की गाइड लाइन के मानक के आधार पर ही प्रवेश दिया जा रहा है। धीरे-धीरे दर्शकों की संख्या बढ़ेगी।

सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक दर्शक भ्रमण कर सकेंगे। उन्हें कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करना होगा। हर दर्शक को मास्क लगाना अनिवार्य है। मास्क न लगाने वालों को प्रवेश नहीं मिलेगा। गेट पर थर्मल स्कैनिंग करके प्रवेश मिलेगा। हर गैलरी में अधिकतम 10 लोगों की भीड़ रहेगी। अगर 10 लोग से अधिक आते हैं तो उन्हें वेटिंग हॉल में रोक लिया जाएगा। संग्रहालय में रखी मूर्तियों व अन्य वस्तुओं को छूने पर पूरी तरह से मनाही रहेगी। दो गज की दूरी से उसे देख सकेंगे। सीसीटीवी कैमरे के जरिए हर दर्शक पर नजर रखी जाएगी। नियम का पालन न करने वाले को परिसर से बाहर कर दिया जाएगा। संग्रहालय के निदेशक डॉ. सुनीत गुप्त ने बताया कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर लॉकडाउन लागू होने पर 25 मार्च से इलाहाबाद संग्रहालय बंद था। उसे खोलने से पहले पूरे परिसर का सेनेटाइजेशन कराया गया है। टिकट काउंटर व गैलरी के अंदर दो गज की दूरी बनाकर दर्शकों को खड़ा किया जाएगा। प्रवेश व निकास द्वार पर स्वचलित सेनेटाइजर सिस्टम लगाया गया है। गेट पर थर्मल स्कैनिंग करके दर्शकों का नाम, पता, मोबाइल नंबर नोट करके प्रवेश दिया जाएगा। संग्रहालय परिसर में कोरेंटाइन रूम बनाया गया है। वहां कोरोना संदिग्ध कर्मचारियों व दर्शकों को कोरेंटाइन किया जाएगा।

## करेली में ई-रिक्शा चालक के घर ताला तोड़कर चोरी

**प्रयागराज।** अंधीपुर, करेली में ताला तोड़कर चोरों ने एक रिक्शा चालक के घर से नकदी व गहने चोरी कर ले गए। पीड़ित की सूचना पर करेली पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। करेली का इरफान ई-रिक्शा चलाता है। कुछ दिनों पहले उसके पिता का इंतकाल हो गया था। उसके दो मकान हैं। करेली स्थित दूसरे मकान में पूरा परिवार चला गया। इस दौरान उसके नए मकान में ताला बंद था। इधर, चोरों ने ताला बंद देखा तो छत के रास्ते आसानी से घर में घुस गए। अलमारी का ताला तोड़कर 15 हजार नकद और हजारों कीमत के गहने चोरी कर ले गए। चोरी के बाद जब इरफान को पता चला तो उसने करेली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि उसका घर सुनसान इलाके में है। करेली पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर-के जांच कर रही है।

# एनएसयूआई ने किया परीक्षा कार्यालय का घेराव

**लगाया अंकपत्र के मूल्यांकन में गड़बड़ी का आरोप**




परीक्षा कार्यालय का घेराव करते छात्र

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय एनएसयूआई द्वारा संस्कृत विषय मे अंको के मूल्यांकन में हुई गड़बड़ी के खिलाफ एनएसयूआई इकाई उपाध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक इलाहाबाद विश्वविद्यालय का द्वितीय वर्ष के अंकपत्र के मूल्यांकन को लेकर घेराव किया गया जिसमें अंकपत्र की प्रतिया जलाकर यह प्रर्दशित किया गया कि यह धाधंली का अंकपत्र जिसमें छात्रों के साथ खिलवाड़ किया गया है यह हमें कतई स्वीकार नहीं है उस दौरान एनएसयूआई इकाई उपाध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी ने कहा कि अगर प्रमोशन है तो छात्र फेल क्यों ? अगर विश्वविद्यालय प्रशासन अंकसुधार परीक्षा के माध्यम से पैसे अर्जित करना चाह रहा है तो हमें बताएं हम चंदा इकट्ठा करके विश्वविद्यालय प्रशासन को उपलब्ध करा देंगे परन्तु अंकपत्र से खिलवाड़ न करें!

इस दौरान एनएसयूआई महासचिव दुर्गेश प्रताप सिंह, इकाई सचिव वैभव सिंह, छात्र नेता अजय यादव सम्राट, पूर्व उपमंत्री सत्यम सिंह सन्नी, मसूद अंसारी, अरूण कनौजिया, श्रवण यादव, रजनीश सिंह, अभय, राजीव, शुभम, कविराज, सोनम, सत्यांजली, ज्योति, साधना अनिकेत आदि छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# सावधान अगर नए यमुना पुल पर सेल्फी ली तो खैर नहीं, होगी कार्रवाई




यातायात माह को लेकर लोगों को जागरूक करती पुलिस

**प्रयागराज।** खासतौर से उन लोगों को सावधान किया जा रहा है जो लोग नए यमुना पुल पर सेल्फी लेते हैं ' यातायात माह में अगर सेल्फी लेते कोई पकड़ा गया तो उस पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

इन दिनों यातायात माह चल रहा है ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए पुलिस आम जनमानस को जागरूक कर रही है ' इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है 'इसी क्रम में मंगलवार को पेट्रोल पंप एसोसिएशन की मदद से सिविल लाइंस में पत्रिका चौराहा पर स्थित पेट्रोल पंप पर कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।

इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। यातायात नियमों का पालन करने वालों ने शपथ ली और कहा कि हमेशा ही यातायात नियमों का पालन करेंगे। सीओ ट्रैफिक शुभम ने बताया कि शाम को नए यमुना पुल पर सेल्फी लेने के चक्कर मे जाम लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उनके कारण पुल पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है जिसके कारण आवागमन बाधित होता है। ऐसा करने वालों को जागरूक किया जाएगा। उन्हें यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जाएगा। गौरतलब है कि यातायात माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस रोज दो हजार गाड़ियों का यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान कर रही है।

## रवि योग में 18 से शुरू होगा छठ महापर्व

**प्रयागराज।** सूर्योपासना का छठ महापर्व 18 नवंबर को रवि योग में नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। चार दिवसीय महापर्व को लेकर घरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। दीपावली के बाद पूजन प्रसाद तैयार करने का क्रम और तेज हो जाएगा। पर्व के तहत 19 नवंबर को खरना और 20 को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। 21 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाएगा। पूर्वांचल विकास एवं छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अजय राय के अनुसार पर्व पर परंपरा अनुसार पूजन-अर्चन और महाप्रसाद का वितरण होगा। आचार्य अवध नारायण द्विवेदी के अनुसार चतुर्थी तिथि 18 नवंबर को सूर्योदय से रात 3:40 बजे तक रहेगी। इस समय तक पर रवि योग रहेगा। उसके बाद पूवार्षाढ़ा नक्षत्र लग जाएगा। इस नक्षत्र के स्वामी वरुणदेव हैं। 20 नवंबर को षष्ठी तिथि से लेकर अगले दिन सूर्योदय तक सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा।

# 30 लाख रक्षा पेंशनरों को सही समय पर मिलेगी पेंशन

**प्रयागराज।** रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक पेंशन (पीसीडीए) कार्यालय में प्रधान नियंत्रक विश्वजीत सहाय ने सोमवार को 'स्पर्श' प्रकोष्ठ और रक्षा पेंशन प्रशिक्षण संस्थान में ह्यकम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। ह्यस्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन-रक्षा) की शुरूआत पेंशन क्लेम करने से लेकर स्वीकृति और पेंशनर तक वितरण की सुविधा को एक मंच पर लाने के लिए की गई है।

स्पर्श सिस्टम को तीस लाख से ज्यादा पेंशन भोगियों को डिजिटल प्रोसेसिंग के जरिए सही समय पर सही पेंशनर को सही भुगतान सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। इसके पहले सीडी, कुरियर या डाक के माध्यम से देशभर से पेंशनर के क्लेम सीडीए पेंशन आते थे। यहां पेंशन क्लेम ऑडिट होते थे, उनका क्लेम स्वीकृत होता और पेंशन पेमेंट ऑर्डर बनने के बाद पीपीओ बैंक, रिकॉर्ड ऑफिस, मुख्यालय आदि भेजा जाता था।

तब जाकर पेंशनर को भुगतान होता था। जबकि स्पर्श प्रक्रिया में सभी कुछ ऑनलाइन है। यानी अब पेंशन क्लेम ऑनलाइन आएगा, पेंशन स्वीकृत होगी और यहीं से पेंशनर के खाते में पेंशन भुगतान सुनिश्चित कर दिया जाएगा। स्पर्श के माध्यम से फिलहाल रक्षा लेखा विभाग के पेंशनर को लाभ मिलना शुरू हो चुका है। जल्दी ही सेना के सभी पेंशनर को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसके लिए सॉफ्टवेयर ट्रायल अंतिम अवस्था में है।

इस अवसर पर नियंत्रक अखिलेश कुमार, डॉ. गुरप्रीत कौर व मयंक बिष्ट, अपर नियंत्रक सुशील कुमार सिंह, संयुक्त नियंत्रक दुर्गा लाल मीणा, उप नियंत्रक अश्विनी कुमार पांडेय, अभिषेक सिंह व हिमांशु त्रिपाठी, सहायक नियंत्रक बिजय कुमार, संध्या नवोदिता आदि रहीं।

# महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, गति बढ़ाने, आय, माल लदान और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की

**प्रयागराज।** मंगलवार को महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और प्रयागराज, झांसी और आगरा के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा विशेष रूप से कोहरे की तैयारी, गति बढ़ाने के काम, आय और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक के प्रारम्भ में महाप्रबंधक महोदय ने ए प्रयागराज मंडल में नव नियुक्त एडीआरएम अमित मिश्रा और अतुल गुप्ता को बधाई देते हुये कहा कि यह एक रिले दौड़ है और वर्तमान अधिकारियों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को आने वाले अधिकारियों द्वारा जारी रखा जाना चाहिए ।


संरक्षा के मुद्दों के बारे में चर्चा करते हुए महाप्रबंधक ने आने वाले कोहरे के मौसम के लिए पहले से तैयारी पूरी करने पर बल दिया। उन्होंने कहा, फाग सेफ डिवाईस संरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है और ऐसे सभी डिवाईस को नवीनतम सिग्नल और गेट स्थानों के अनुसार अपडेट किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कोहरे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से सम्बंधित एक बहुविकल्पी प्रश्न बैंक को ज्ञान को ताजा करने के लिए चालक दल के लॉबी में प्रदान किया जाना चाहिए और पायलट से हर साइन.इन के पहले कुछ प्रश्न पूछे जाने चाहिए। नवीनतम स्टॉप सिग्नल स्थानों के अनुसार ओएचई मास्टों पर सिग्मा बोर्ड के समयबद्ध प्रावधानए बूम पर रेट्रो.रिफ्लेक्टिव पेंटिंग और लेवल क्रासिंग गेटों पर स्टॉप बोर्ड का प्रावधानए लेवल क्रासिंग गेटों के स्पीड ब्रेकरों की पेंटिंग और उपयुक्त स्टाफ द्वारा ट्रैक और ओएचई के रात्रि के दौरान गश्तए अतिरिक्त बैटरी सहित वाकी.टॉकीज की समुचित व्यवस्था ए विशेष रूप से रनिंग स्टाफ के लिये ए कैब के हीटरों की जांच करना और सभी लोकोमोटिव में कैब की खिड़कियों और दरवाजों को सील करनाए सभी वातानुकूलित लोको में वेन रिले और थर्मो स्टेट की स्थिती की जांचए कोचिंग ट्रेनों के सभी एसएलआर में टेल लैम्प्स की उपलब्धता आदि कोहरे और विंटर सेफ्टी से संबंधित चल रही तैयारियाँ के अंतर्गत आते हैं। राजीव चौधरी ने बेहतर माल लदान प्रदर्शन के लिए टीम एनसीआर के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमें इन प्रयासों को जारी रखने की जरूरत है और नई ट्रफिक स्ट्रीम प्राप्त करने के लिये प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान भूमि से आय के सम्बंध में भी चर्चा हुई और महाप्रबंधक ने निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सक्रिय प्रयास के निर्देश दिए।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना शिक्षक का प्रथम कर्तव्य है : संजय सिन्हा



**प्रयागराज।** राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमैट) प्रयागराज में मंगलवार को प्रभावी व दक्ष शिक्षण तकनीक विषय पर दो दिवसीय वेबिनार के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुये निदेशक सीमैट संजय सिन्हा ने कहा कि बच्चे के जीवन का विकास एवं व्यक्तित्व विकास में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना शिक्षक का प्रथम कर्तव्य है। गुणवत्तायुक्त शिक्षण हेतु शिक्षक के लिए अपनी शिक्षण विधि को बहुत ही प्रभावी एवं दक्ष बनाना वर्तमान समय की मांग है। इसी के साथ निदेशक महोदय ने यह भी कहा कि विद्यालयीय शिक्षा के अन्तर्गत बच्चे व शिक्षक आपस में जितना सहज होंगे उनमें ग्रहण करने की क्षमता अधिक होगी। शिक्षक के लिए आवश्यक है कि उसे अपने विषय का पूर्ण ज्ञान हो, वह विनम्र हो, अहम से मुक्त हो, पढ़ाने की उच्चकोटि की इच्छाशक्ति रखता हो एवं बच्चों का तथ्यपरक व पक्षपात रहित आकलन करें।

वेबिनार का प्रथम सत्र शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को प्रभावी बनाने की तकनीक पर आधारित था। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ0 स्कन्द शुक्ला प्राचार्य, आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, प्रयागराज द्वारा की गयी। दूसरे व तीसरे सत्र की अध्यक्षता श्री अजय कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. लखनऊ द्वारा की गयी, जिसमें बच्चों की गतिविधि आधारित शिक्षण प्रक्रिया व परिवेशीय संसाधनों का अधिकतम अनुप्रयोग विषय पर चर्चा एवं शिक्षकों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। वेबिनार का चैथा व पाँचवा सत्र नैतिक मूल्य व कहानी के माध्यम से शिक्षण कैसे किया जाय इस विषय पर आधारित था। सत्र की अध्यक्षता क्रमशः सेवानिवृत्त प्राचार्य डायट, श्री कुबेर सिंह व डॉ0 दीपा तिवारी, एस.सी.ई.आर.टी. लखनऊ द्वारा की गयी। वेबिनार का शुभारम्भ ऐतिहासिक रहा जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग दस हजार शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया तथा अपनी जिज्ञासाओं का निवारण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता (एम.आई.एस.) /प्रशिक्षण अधिकारी, सीमैट प्रभात कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। प्रतिभागियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष, सीमैट डॉ0 अमित खन्ना द्वारा किया गया। इस वेबिनार में प्रवक्ता (वित्त) पवन सावंत, सलाहकार डॉ0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, शोध सहायक बाकर रजा आबिदी, विप्लव प्रताप सिंह एवं संस्थान के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहें।

## संक्षेप समाचार

### धनतेरस पर पहलवानों का होगा सम्मान

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मी बाल बिद्या निकेतन असांव में कई जिलों के पहलवानों का लगेगा जमघट, विगत कई वर्षों से धनतेरस पर आयोजित होने वाला पहलवान सम्मान समारोह एवं भव्य मेला इस बार बारह नवंबर दिन बृहस्पतिवार को आयोजित है। यहां बड़ी संख्या में गैर जनपदों से भी पहलवान पहुंच रहे हैं जो अपनी कला कौशल का प्रदर्शन करेंगे, जिन्हें असांव की मेला एवं दंगल कमेंटी कार्यक्रम के संयोजक कमलेश मिश्रा राजा एडवोकेट एवं ग्राम प्रधान राम आसरे बर्मा के नेतृत्व में सम्मानित करेगी ।यहां जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग में टीम को शामिल कर सम्मानित किया जाएगा । जिसमें सभी कार्यक्रम फिजिकल डिस्टेंस के साथ आयोजित होंगे।

### कच्चा मकान ढहा, वृद्धा व किशोरी जख्मी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना के नरवल गांव मे अचानक कच्चे मकान के ढह जाने से महिला तथा किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी के निर्देश पर सांगीपुर प्रमुख पीडिता के घर पहुंचे और पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अफसरो से बात कर विधवा पीडिता के लिए आवासीय योजना के साथ घायल किशोरी के लिए शादी अनुदान को भी मंजूर किये जाने का भरोसा दिलाया। गांव के नीमर चैरसिया की पत्नी जयपाला 70 कच्चे मकान मे रहती थी। मंगलवार को दोपहर अचानक मकान का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया। इसमे जयपाला तथा उसकी सत्रह वषीर्या पुत्री लक्ष्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जयपाला का एक पैर भी दुर्घटना मे टूट गया। प्रमुख अशोक तथा समाजसेवी विनोद सिंह की मदद से दोनो घायलो का उपचार कराया गया।

### साधन सहकारी समिति पर डीएपी नदारद, किसान परेशान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के हुसैनपुर गांव के साधन सहकारी समिति मे डीएपी खाद उपलब्ध न होने से किसानो को कठिनाइयो का सामना करते देखा जा रहा है। क्षेत्रीय किसानो का कहना है कि कई बार फरियाद करने के बावजूद भी समिति पर डीएपी खाद उपलब्ध नही हो पा रही है। किसानो ने एसडीएम तथा विभागीय अधिकारियो से समिति पर डीएपी खाद उपलब्ध कराए जाने की गुहार की है। एसडीएम राम नारायण का कहना है कि किसानो की शिकायत पर जांच कराकर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाएगे।

# भूमि विवाद में चचेरे भाई ने अधिवक्ता को मारी गोली

**कुंडा, प्रतापगढ़।** भूमि विवाद में चचेरे भाई ने अधिवक्ता को गोली मार दी। चीख सुनकर परिजन व आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर भाग निकला। आननफानन अधिवक्ता को सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। घायल की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।मानिकपुर थाना क्षेत्र के कुशाहिलडीह निवासी उमेश चन्द्र मिश्र (40) कुंडा तहसील में वकालत करते हैं। उनका चचेरे भाई अजय मिश्र से भूमि विवाद चल रहा है। उमेश मकान बनवा रहे हैं। उस मकान पर भी कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। इससे दोनों पक्षों के बीच तनातनी है। मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे उमेश मवेशियों का कूड़ा-कचरा फेंकने के लिए खेतों की ओर गए थे। आरोप है कि लौटते समय घर से दो सौ मीटर पहले घात लगाए बैठे अजय ने उमेश पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली उमेश के बाएं कंधे के पास लगी। वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। चीख सुनकर परिजन और आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित तमंचा लहराते भाग निकला। दिनदहाड़े गोली मारने की खबर मिलते ही एसओ फोर्स के साथ गांव की ओर निकले।प्राथमिक उपचार के बाद भी उमेश की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। साथी पर जानलेवा हमले की जानकारी होते ही दर्जनों वकील सीएचसी पहुंच गए। घायल की पत्नी प्रभादेवी की तहरीर पर आरोपित अजय मिश्र के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ सुभाष यादव का कहना है कि अजय की तलाश की जा रही है। पीड़ित के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सोनपुरा हाईवे के निर्माण के दौरान चली गोली, एक घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव में एनएच 56 नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य प्रगति पर है, मिट्टी गिराने को लेकर दो डंपर चालकों में आपस में विवाद हो गया था, जिसकी जानकारी होने पर दोनों डंपर के मालिक मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआद्यइस दौरान आरोप है कि एक पक्ष ने गोली मार दी जिससे देवाशीष शुक्ला को गोली लगी और उसे गंभीर हालत में जौनपुर के एक नर्सिंग होम में ले जाकर भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा हैद्यइस संबंध में पट्टी थाने पर मौजूद एडिशनल एसपी सुरेश प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि गोली चलने की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई है और अभी किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है घायल का इलाज जौनपुर के एक अस्पताल में चल रहा है, तहरीर मिलेगी तो मुकदमा दर्ज कर आरोपी बख्शे नहीं जाएंगेद्य इस मामले में घटनास्थल से पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार भी किया है, फिलहाल निर्माण को लेकर पहले तो किसान और प्रशासन आमने-सामने थे और अब बीती रात दो डंपर मालिक भी आमने-सामने होकर मारपीट के साथ गोली चलाने जैसी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है, हालांकि इस राजमार्ग के निर्माण में लगातार कुछ न कुछ बाधाएं आती ही जा रही है फिलहाल प्रशासन की देखरेख में इसका निर्माण जारी है।

## तार उठाने के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

**कुंडा, प्रतापगढ़।** दरवाजे पर बिजली के ढीले तार को उठाने के लिए बल्ली लगाने को गड्ढा खोदते समय गुस्साए पड़ोसी ने युवक पर हमला कर दिया। युवक को बचाने दौड़े उसके दो भाइयों और पत्नी को भी पीटा। परिजनों ने आरोपितों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।हथिगवां के कुढ़ा निवासी महरानीदीन के पुत्र शिवपूजन (30) के दरवाजे से बिजली का तार गया है। तार ढीला होकर लटक रहा है, जिससे परिजनों के लिए खतरा बना है। उसी तार को शिवपूजन मंगलवार सुबह बल्ली लगाकर ऊपर उठाने के लिए दरवाजे के सामने बल्ली लगाने को गड्ढा खोद रहा था। पड़ोसी ने मना किया तो विवाद होने गया। पड़ोसी हमलावर हो गए और शिवपूजन के सिर पर हमला कर दिया। शिवपूजन की चीख सुनकर उसकी पत्नी गुड़िया देवी (28), भाई राम पूजन (27), हरी ओम (17) बचाने दौड़े तो आरोपियों ने उनको भी जमकर पीटा। सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद भी शिवपूजन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। पुलिस की मानें तो मारपीट में दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हुए हैं। एसओ उदय त्रिपाठी का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## धानाचार्य को चाकू लेकर दौड़ाया

**कुंडा, प्रतापगढ़।** दबंग के बेटे ने छात्रावास और खेल मैदान की बाउंड्रीवॉल बनवा रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य को चाकू लेकर दौड़ा दिया। छात्रावास में असलहे लहराते हुए छात्रों को गालियां और जान से मारने की धमकी दी। प्रधानाचार्य ने थाने में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी है।कुंडा के नरसिंहगढ़ स्थिति संत रविदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश चंद मंगलवार को विद्यालय के छात्रावास और खेल मैदान की बाउंड्रीवॉल बनवा रहे थे। करीब 10 बजे कुंडा नगर का रहने वाला एक दबंग अपने बेटे और साथियों संग असलहों से लैस होकर विद्यालय परिसर में घुस गया। छात्रावास में रहे छात्रों को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। कमलेश ने विरोध किया तो दबंग के बेटे ने चाकू लेकर उनको मारने को दौड़ा लिया। गाली देते हुए उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पिता-पुत्र को नामजद करते हुए 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी डीपी सिंह का कहना है कि जांच कराई जा रही है।

# सुरक्षा बंधन बांधकर बच्चों ने लिया अपनी सुरक्षा का वचन

**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के भगवती प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज पृथ्वीगंज बाजार मे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के निर्देशन में संचालित चाइल्डलाइन 1098 प्रतापगढ़ के द्वारा 07 से 14 नवम्बर 020 तक चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह बच्चों के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम मे सुरक्षा बन्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने गुरुजनों को सुरक्षा बंधन बांधकर अपनी सुरक्षा का वचन लिया। चाइल्डलाइन के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि अगर आप लोग मुसिबत मे हैं तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर अवश्य दे। बच्चों को तत्काल मदद किया जाएगा। इसी क्रम मे सेन्टर कोऑर्डिनेटर कृष्णकांत राय ने बताया कि 1098 बच्चों के सेवा मे 24 घंटे तत्पर्य है। आप लोग बेहिचक इसका प्रयोग किसी भी समय कर सकते हैं चाहे दिन हो या रात चाइल्ड लाइन 0 से लेकर 18 साल के नीचे के बच्चों लिए काम करता है। प्रधानाचार्य शिवकेश ओझ ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा पोषण पूरा प्यार सभी बच्चों का यह अधिकार है यह हर बच्चे को मिलना चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए चाइल्डलाइन के सदस्य हकीम अंसारी ने कहा कि बच्चो की सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी हैं।

हमारे बच्चे ही युग निमार्ता हैं। सरकार द्वारा बच्चों व महिलाओ के लिए 1098, 1090, 181, 112 हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है।ताकि बच्चे व महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध को रोका जा सके। इस कार्यक्रम गनेश सिंह, आजाद आलम, साधना, विनोद पाण्डेय, शिवाकांत शुक्ला, अनिल सिंह, केसरी गुप्ता, कंचन यादव, कविता, प्रतिभा यादव आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## आशिकों के संग मिलकर पत्नी ने ही कराई थी युवक की हत्या

**हत्याकांड का खुलासा कर चार आरोपियों को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने भेजा जेल**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर बहरेमऊ गांव में 06 नवम्बर को मिली युवक की लाश के हत्याकांड के खुलासे में पत्नी ने अपने आशिको के साथ मिलकर आपने पति की हत्या कर दी थी और लाश को गांव के बाहर कुएं में फेंक दिया था पुलिस इस हत्याकांड के खुलासे में लगी थी परिस्थितिजन्य साक्ष्य के बाद पुलिस की जांच में मृतक की पत्नी और उसके आशिको का नाम सामने आया जिस पर पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके आशिको को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया की अय्यासी में विरोध के चलते युवक की हत्या की गई है पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद चारो हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है घटना में थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा मुअसं0 841/20 के वांछित अभियुक्तगण.राकेश पुत्र गरीब दास सरिता देवी पत्नी अशोक कुमार दुर्गेश पुत्र राजेन्द्र राजकरन पुत्र फूलचन्द्र निवासी हिसामपुर बहरेमऊ थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया है चारों हत्या आरोपियों को अदालत ने जेल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर बहरे मऊ पासिनहार गांव के अशोक कुमार उम्र लागभग (35) पुत्र स्वर्गीय मिश्रीलाल 28 अक्तूबर की शाम संदिग्ध हालत में लापता हो गया। इसके अगले दिन पूछने पर अशोक की पत्नी सरिता ने अपने जेठ को बताया कि उसके पति का प्रयागराज में कहीं एक्सीडेंट हो गया है। मामले में जेठ ने अपने भाई के लापता होने की तहरीर पुलिस को दी। इस बीच 06 नवम्बर की सुबह पता चला कि गांव के मिठाई लाल के खेत में स्थित कुएं में किसी युवक की लाश पड़ी है। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया तो उसकी पहचान अशोक के रूप में हुई। लाश बरामद होने के बाद घटना स्थल पर रहा अशोक के रिश्ते का एक भाई भागने की फिराक में लग गया। इस पर गांव के लोगों ने पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया था पकड़े गए राकेश का अशोक की पत्नी सरिता से अवैध शारीरिक सम्बंध थे। इसकी जानकारी होने के बाद दोनो के प्रेम सम्बन्ध में अशोक रोड़ा बन रहा था।नतीजतन 28 अक्तूबर की रात उसकी पत्नी ने प्रेमी और उसके दो अन्य साथियों के साथ मिल कर अशोक की हत्या की योजना बनाई और अशोक को गांजा पिलाया गया और फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर लाश कुएं में फेंक दी इस हत्या कांड में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर कायाकल्प कराने का डीएम ने दिया निर्देश

**दीपावली के पहले स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित कराये जाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश**



कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी वा अन्य

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक करते हुए आपरेशन कायाकल्प प्रेरणा ऐप जिला एवं विकास खण्ड स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विद्यालयों का भ्रमण सपोर्टिव सुपरविजन एवं अकादमिक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन शिक्षा के लिए डिजिटल पहल मानव सम्पदा समावेशी शिक्षा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विद्यालयों का संविलियन इग्लिश मीडियम स्कूल मध्यान्ह भोजन योजना एवं स्वेटर वितरण सहित अन्य विषयों की बिन्दुवार समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद एवं विकास खण्ड स्तरीय गठित टास्क फोर्स टीम को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने एवं अध्यापकों की उपस्थिति को भी नियमित रूप से निरीक्षण करते रहने के लिए कहा है जिलाधिकारी ने हिदायत देते हुए कहा है कि उनके भ्रमण में यदि कही भी यह पाया गया कि गठित टीम द्वारा विद्यालय का निरीक्षण नहीं किया गया है तो ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत उन्होने विद्यालयों में हैण्डपम्प शौचालय रनिंग वाटर इंटरलांकिग सहित विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण के निमार्णाधीन कार्य को तत्काल पूर्ण कराये जाने एवं पूर्ण हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण कर उसे रजिस्टर में दर्ज किये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम 05 मॉडल स्कूल बनाने हेतु प्रस्ताव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होने राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूहों को उनके द्वारा सिले गये यूनिफार्म का भुगतान तत्काल कराने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को अनिवार्य रूप से दीपावली के पहले बच्चों को स्वेटर वितरित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्वेटर के नमूने एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से भी विद्यालयों का निरीक्षण कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में बने ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली पानी शौचालय इंटरलांकिग एवं सौन्दर्यीकरण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने का निर्देश जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एंव जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया है। जिलाधिकारी ने कक्षा.01 एवं कक्षा 06 मे पढ़ने वाली सभी पात्र बालिकाओं का कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत एक सप्ताह के अन्दर पंजीकरण कराये जाने का निर्देश सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिया है। उन्होंने अल्पसंख्यक छात्र.छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए सभी शिक्षण संस्थानों को अल्पसंख्यक विभाग के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी जिला विकास अधिकारी विजय कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी गोपाल जी ओझा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एफ 13 एप्प पर जल्द रिलीज होगी सीरीज

**प्रतापगढ़।** एफ 13 ऐप्प पर जल्द ही बेल्हा के अभिनेता विवेक कुमार सिंह उर्फ विनय सिंह पुत्र स्व,विश्वनाथ सिंह की वेबसरीज की रिलीज होगी। सीरीज की सूटिंग पूरी हो गई है। प्रतापगढ़ जिले के पूरे माधव सिंह निवासी अभिनेता विवेक सिंह की वेबसेरीज को देखने की उम्मीद पूरी होने वाली है। डायरेक्टर योगेश, और एफ13 चैनल के मैनेजिंग डायरेक्टर राज बीकाना, एक्टर अश्मित पटेल,कास्टिंकिग डायरेक्टर आनंद शर्मा, फूल ऑन एंटरटेनमेंट के प्रोड्यूसर मूर्तुंजय तिवारी, हुरक वर्मा ने गणपती पूजा करके एमरस डिजिटल स्टूडियो में क्लाइमेक्स शूट पूरा किया । प्रोडक्शन के म्यूजिक डायरेक्टर प्रेरक मैनेजर समीर अंसारी और प्रमोद सिंह ने बताया की ये सीरीज जल्द ही एफ13 एप्प पे रिलीज होगी।



वेब सिरीज के अभिनेता

### पूर्व प्रचारक को आज भी लोग याद कर करते हैं

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के कुन्डा जिला के पूर्व जिला प्रचारक सारस्वत जी के यहां से प्रदेश के अन्य जनपद मे जाने के बाद भी उनके समाज के प्रति निस्वार्थभाव से समर्पण की भावना से कार्य करने, स्वंय सेवकों तथा समाज के लोगों से आत्मीय लगाव होने के कारण आज भी लोग उनके अच्छाइओं एंव मृदुभाषी स्वभाव को याद करते हैं । स्वंय सेवकों के साथ ही उनका स्थानीय लोगों से भी मधुर सम्बन्ध था।

## आबकारी टीम ने दबिश देकर पकड़ा 279 लीटर शराब

**लालगंज, प्रतापगढ़।** डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को कई गांवो मे औचक दबिश देकर भारी मात्रा मे अवैध शराब तथा महुआ का लहन बरामद किया। आबकारी निरीक्षक पीएन सिंह की अगुवाई मे जिला आबकारी अधिकारी आरके सिंह के निर्देशन मे टीम ने सांगीपुर थाना के तारापुर, रंगौली, हरखपुर, तिनमोहनिया, पूरे गुलाब, रतियरपुर मे दबिश देकर दस कुंतल महुआ का लहन व दो सौ उन्यासी लीटर कच्ची शराब बरामद किया। आबकारी टीम ने रंगौली गांव के भुवर, पप्पू, गुलशन, विपिन, रामबरन, कमलेश, अखिलेश, ओमप्रकाश, छंगू तथा रतियरपुर के श्रीपाल को दबिश के दौरान हिरासत मे लेने मे सफलता ली। आरोपियो के खिलाफ आबकारी निरीक्षक पीएन की तहरीर पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। संयुक्त कार्रवाई मे लालगंज कोतवाल संजय यादव तथा सांगीपुर के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, सदर आबकारी निरीक्षक रामअधार पाल, रानीगंज के आबकारी निरीक्षक बद्रीनाथ भी शामिल रहे।

# महाकवि मराल की साहित्यिक एवं सामाजिक सेवाओं की अभी जरूरत है : हरिप्रताप सिंह

**कविकुल ने मनाया कविवर मराल का जन्मदिन**

**प्रतापगढ़।** अवधी सम्राट उन्मत्त द्वारा स्थापित साहित्यिक संस्था कविकुल ने वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता, कविकुल के संरक्षक पंडित भानु प्रताप त्रिपाठी मराल का 81वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। शहर के सिविल लाइन स्थित निवास पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कभी कुल अध्यक्ष परशुराम उपाध्याय सुमन ने गोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्धजनों का स्वागत करते हुए श्री मराल जी के स्वस्थ व दीघार्यु होने की मंगल कामना किया। कविकुल की ओर से कविवर मराल जी को अंगवस्त्रम भेंटकर माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया गया ।बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरि



साहित्यक संस्था कविकुल ने मनाया कविकुल के संरक्षक पं. भानु प्रताप त्रिपाठी मराल का 81 वां जन्मदिवस

प्रताप सिंह ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मराल जी ने साहित्यिक व सामाजिक जीवन जिया है। अधिवक्ता के रूप में भी इनका सदैव सराहनीय योगदान रहा है। इस उम्र में भी इनकी सक्रियता से साहित्य व समाज को दिशा मिल रही है, जिसकी अभी जरूरत है। गोष्ठी में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार सुखदेव तिवारी, सुरेश संभव, चिंतामणि पांडे, अनिल प्रताप त्रिपाठी, वकील परिषद के नवनिर्वाचित मंत्री अवधेश ओझा, राजकिशोर त्रिपाठी, डॉक्टर सौरभ पांडे, ज्वाला सिंह, दिनेश अग्रहरि, अरुण कुमार पांडे, दिनेश उपाध्याय, हिमांशु उपाध्याय आदि ने कविवर मराल जी को हार्दिक बधाई देते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

## पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता न मिलीं तो होगी कार्रवाई

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक सभागार मे शासन के नये निदेशो के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा किशोरियो को स्वयं सहायता समूह के जरिए पुष्टाहार वितरण को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुपम मिश्रा ने कार्यकत्रियो को बताया कि स्वयं सहायता समूह की सहयोगी महिलाओं के द्वारा कार्यकत्रियो की उपस्थिति मे इस बार घर घर पुष्टाहार का वितरण किया जाएगा। उन्होने कार्यकत्रियो से कहा कि वह अपने केन्द्रो से संबंधित क्षेत्रो मे स्वयं सहायता समूह के द्वारा कोटेदारो से हासिल किये गये खाद्यान्न को पारदर्शिता के साथ डोर टू डोर वितरण कराने का अभियान चलाये। सीडीपीओ अनुपम ने कार्यकत्रियो को साफ तौर पर आगाह भी किया कि यदि पुष्टाहार वितरण मे किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो संबंधित कार्यकत्रियो को ही उत्तरदायी मानते हुए कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# दर – दर ठोंकरे खाने के बाद भी प्रसाशन से नही मिला ठिकाना



घास फूस के छप्पर में जीवन बिताने को मजबूर ये परिवार

**प्रतापगढ़।** आजादी के 70 वर्ष बाद भी छप्पर में रहने को मजबूर है मरियम का परिवार । घास - फूस के बने छप्पर में जिंदगी बिता रहा परिवार ।आज भी बरसात में गिरे घर के मलबे में दबने से हुए बेटी व नातिन के मौत के बारे मे सोंचकर शिहर उठता है मरियम का परिवार । बता दें कि पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव मे तकरीबन आठ माह पूर्व बारिश के चलते रात मे सोते समय कच्चा मकान गिरने से उसके मलबे मे दबने से उनके 25 वर्षीय बेटी रीना व नातिन की मौत हो गया था ,जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुचे पट्टी तहसील के प्रशानिक अधिकारियों ने परिवार के जख्म पर मरहम लगाते हुए पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष के तहत प्रधानमंत्री आवास का लाभ जल्द दिए जाने का आश्वासन दिया था किन्तु आरोप है कि महीनों बीत जाने के बाद भी आवास का लाभ न मिल पाने पर पीड़िता जिम्मेदारों के चक्कर लगाने लगी और आरोप है कि आज तक चक्कर ही लगा रही है किन्तु मरियम को न तो आवास मिला और न ही अन्य लाभ । मरियम ने बताया कि उसके पति बेरोजगार हैं उसे दो बेटे हैं जिसमें छोटा बेटा लाल अहमद दिब्यागं है और बड़े का दिलावर है जो मेहनत मजदूरी करके घर का खर्च चलाता है । मरियम आगे आरोप लगाते हुए बताया कि उसने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के साथ ही उपजिलाधिकारी पट्टी व अन्य जिम्मेदारों से मिलकर अपनी फरियाद लगायी किन्तु उसका असर किसी पर नही पड़ा और आज भी उसी घास - फूस नुमा बने आवास मे दिव्यागं बेटे, बेटी तथा पति के साथ रहने व बदहाली का जीवन बिताने को मजबूर है मरियम व उसका परिवार।

### अराजक तत्वों ने रात में की विद्यालय में तोड़फोड़

**प्रतापगढ़।** एक प्राइवेट विद्यालय में अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इंकार किया है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गौरामाफी स्थित अनारा देवी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश तिवारी ने बताया कि सोमवार रात अराजक तत्व स्कूल की बाउंड्रीवॉल फांदकर अंदर घुस गए और विद्यालय में तोड़फोड़ की। मंगलवार सुबह जब वह विद्यालय पहुंचे तो मेनगेट व कार्यालय की खिड़की क्षतिग्रस्त थी। शिक्षण कक्ष में रखी डेस्क, बेंच व कुर्सियां टूटी पड़ी थीं। विद्यालय परिसर में लगा हैंडपंप भी तोड़ दिया गया। प्रधानाध्यापक के अनुसार विद्यालय में करीब 70 हजार रुपये के सामान को नुकसान पहुंचाया गया है। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर वहां प्रबंधक अशोक कुमार पांडेय भी पहुंच गए।

# प्राथमिक विद्यालय में लगा गंदगी का अंबार सफाई कर्मी नदारद

**प्रतापगढ़।** सफाई कर्मी के उदासीनता के चलते प्राथमिक विद्यालय के शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जब इसकी जानकारी मीडिया कर्मियों ने प्रधानाध्यापक संजय कुमार से ली गई तो उन्होंने बताया कि कई महीनों से विद्यालय में सफाई कर्मी नहीं आता है। इस वजह से विद्यालय परिसर व शौचालय में गंदगी लगा हुआ है इस मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महोखरी में कई महीनों से सफाई कर्मी दिनेश कुमार पांडे नदारद है। जिससे विद्यालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है ।इस मामले में



विद्यालय में फैला गंदगी का अम्बार

प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी को कई बार फोन से अवगत कराया गया लेकिन ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे विद्यालय परिसर में गंदगी है ग्रामीणों को माने तो सफाई कर्मियों का अब तक कोई चेहरा तक नहीं देखा है और कभी भी गांव में नहीं दिखाई पड़ता है। सफाई कर्मी के उदासीनता के चलते कहीं भी सफाई नजर नहीं आ रही है लोगों में सफाई कर्मियों के प्रति भारी आक्रोश बना हुआ है।